# Weekly One Liners 28th April to 4th May, 2025

## भारत में 171 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए

विश्व बैंक की Spring 2025 Poverty and Equity Brief के अनुसार, भारत ने 2011-12 से 2022-23 के बीच 17.1 करोड़ (171 मिलियन) लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। यह उपलब्धि भारत की समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की सफलता को दर्शाती है।

### विश्व बैंक रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष

### अत्यधिक गरीबी में तेज़ गिरावट

- अत्यधिक गरीबी (प्रति दिन $2.15 से कम आय) में रहने वाले लोगों का प्रतिशत 2011-12 में 16.2% से घटकर 2022-23 में 2.3% रह गया।
- इसके परिणामस्वरूप 171 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गिरावट

- **ग्रामीण क्षेत्र**: गरीबी दर **18.4% से घटकर 2.8%** हो गई।
- **शहरी क्षेत्र**: गरीबी दर **10.7% से घटकर 1.1%** रह गई।
- **ग्रामीणशहरी गरीबी का अंतर-** 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया।

### निम्न-मध्य आय स्तर पर गरीबी

- $3.65 प्रतिदिन की दर पर गरीबी दर (आय गरीबी रेखा-मध्य-निम्न) **61.8% से घटकर 28.1%** हो गई, जिससे **378 मिलियन** लोग गरीबी से बाहर निकले।
- **ग्रामीण क्षेत्र**: 69% से घटकर 32.5%
- **शहरी क्षेत्र**: 43.5% से घटकर 17.2%
- ग्रामीण शहरी अंतर-25 से घटकर 15 प्रतिशत अंक रह गया।

### गरीबी उन्मूलन में अग्रणी राज्य

- भारत के पाँच सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य — **उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश** — 2011-12 में भारत की अत्यधिक गरीब आबादी के **65%** का प्रतिनिधित्व करते थे।
- **2022-23 तक इन राज्यों ने कुल अत्यधिक गरीबी में आई गिरावट में दोतिहाई योगदान दिया।-**




### बहुआयामी गरीबी में गिरावट (Multidimensional Poverty)

- MPI (बहुआयामी गरीबी सूचकांक) के अनुसार, गैर-आय आधारित गरीबी 2005-06 में 53.8% से घटकर 2019-21 में 16.4% और 2022-23 में 15.5% हो गई।
- यह शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार को दर्शाता है।

### संशोधित गरीबी आकलन (Revised Poverty Estimates)

- **2021 की क्रय शक्ति समानता** (PPP) पर आधारित नई अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार:
  - अत्यधिक गरीबी (2022-23): 5.3%
  - निम्न-मध्य-आय गरीबी: 23.9%

## Udan Scheme: 'उड़ान' योजना के 8 साल पूरे

भारत का विमानन क्षेत्र पारंपरिक रूप से बड़े शहरों तक सीमित रहा है, जहां हवाई यात्रा को अक्सर एक विलासिता माना जाता था जो केवल विशेष वर्ग के लोगों के लिए ही सुलभ थी। हालांकि, 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। "उड़े देश का आम नागरिक" (UDAN) का उद्देश्य आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सस्ता और सुलभ बनाना है। यह पहल भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा कम सेवायुक्त क्षेत्रों को प्रमुख शहरों से जोड़ने का कार्य कर रही है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क बढ़ रहा है और आर्थिक विकास को गति मिल रही है।

### क्यों है ख़बरों में?

उड़ान योजना ने (उड़े देश का आम नागरिक)27 अप्रैल 2025 को अपनी सफलता के आठ वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर भारत के विमानन नेटवर्क के विस्तार और आम जनता के लिए सस्ती हवाई यात्रा को सुलभ बनाने में हुई प्रगति को रेखांकित किया गया। 21 अक्टूबर 2016 को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना ने हवाई यात्रा को सबके लिए सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

### मुख्य घटक और हितधारकों को प्रोत्साहन

उड़ान योजना की सफलता का श्रेय वित्तीय सहायता, रणनीतिक साझेदारियों और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के स्पष्ट दृष्टिकोण को जाता है। नीचे इस योजना के प्रमुख घटकों और प्रोत्साहनों का विवरण दिया गया है, जिन्होंने इसके विकास में अहम भूमिका निभाई:

**1. वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF)**

सरकार कम लाभदायक मार्गों पर उड़ानों के संचालन के लिए एयरलाइनों को वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF) के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है, ताकि टिकट की कीमतें आम जनता की पहुंच में बनी रहें।

**2. हवाई किराए की सीमा**

हवाई यात्रा को सुलभ बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय मार्गों पर किराए की सीमा निर्धारित की गई है, जिससे आम नागरिक भी हवाई यात्रा कर सके।

**3. सहयोगात्मक शासन**

उड़ान की सफलता केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) और निजी हवाई अड्डा संचालकों के बीच सहयोग पर निर्भर करती है। यह बहु-स्तरीय सहयोग संचालन में पारदर्शिता और निजी भागीदारी को बढ़ावा देता है।

**4. हितधारकों को प्रोत्साहन**

- **हवाई अड्डा संचालक:** उड़ान योजना के तहत हवाई अड्डों पर लैंडिंग और पार्किंग शुल्क माफ किया जाता है, और AAI RCS (क्षेत्रीय संपर्क योजना) उड़ानों पर टर्मिनल नेविगेशन लैंडिंग शुल्क (TNLC) नहीं लेता।
- **केंद्र सरकार:** RCS हवाई अड्डों पर एविएशन टरबाइन फ्यूल (ATF) पर उत्पाद शुल्क को सीमित करती है और एयरलाइनों के बीच कोड-शेयरिंग समझौतों को बढ़ावा देती है।
- **राज्य सरकारें:** ATF पर वैट में कमी, और आवश्यक सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराती हैं।

**उड़ान योजना का विकासविस्तार की यात्रा :**

**उड़ान 1.0 (2017)**

- **प्रारंभिक मील का पत्थर:** पहली उड़ान 27 अप्रैल 2017 को शिमला से दिल्ली के लिए शुरू हुई।
- **कवरेज:** 5 एयरलाइनों ने 128 मार्गों पर सेवाएं दीं, 70 हवाई अड्डे जुड़े, जिनमें 36 नए हवाई अड्डे शामिल थे।

**उड़ान 2.0 (2018)**

- **विस्तार:** 73 कम सेवा प्राप्त और अनसेव्ड हवाई अड्डों को जोड़ा गया। हेलीपैड्स को भी नेटवर्क में शामिल किया गया।

**उड़ान 3.0 (2019)**

- **पर्यटन पर ध्यान:** पर्यटन मार्ग और सीप्लेन सेवाएं शुरू की गईं, खासकर पूर्वोत्तर भारत में।

**उड़ान 4.0 (2020)**

- **लक्ष्य क्षेत्र:** पहाड़ी क्षेत्रों, उत्तर-पूर्व और द्वीपीय क्षेत्रों पर फोकस, हेलीकॉप्टर और सीप्लेन सेवाओं में वृद्धि।

**प्रमुख नवाचार और उड़ान का भविष्य**

**1. उड़ान यात्री कैफे**

- **समावेशी यात्रा:** कोलकाता और चेन्नई हवाई अड्डों पर कैफे में ₹10 में चाय और ₹20 में समोसे जैसी किफायती चीजें, जिससे हवाई यात्रा सभी के लिए और अधिक समावेशी बनती है।

**2. सीप्लेन संचालन**

- **अंतिम-मील संपर्क:** सीप्लेन संचालन के लिए सुरक्षा और व्यवहार्यता से जुड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में संपर्क बेहतर हो सके।

**3. पुनर्निर्मित उड़ान (2025)**

- **विस्तार:** 2025 में योजना के तहत 120 नए गंतव्यों को जोड़ा जाएगा, जिससे टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा दूरदराज के क्षेत्रों में 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को हवाई सेवा का लाभ मिलेगा।

**4. कृषिउड़ान योजना**

- **कृषि लॉजिस्टिक्स:** यह पहल किसानों को विशेष रूप से उत्तर-पूर्व और पहाड़ी क्षेत्रों से कृषि उत्पादों की सस्ती हवाई ढुलाई में सहायता करती है।

**5. बुनियादी ढांचे का विकास**

- **भविष्य की योजना:** सरकार अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डों का निर्माण करेगी, जिससे मांग को पूरा किया जा सके और क्षेत्रीय विकास को और गति मिले।

## राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन: भारत के तकनीकी भविष्य को सशक्त बनाना

नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) भारत की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना है। इस मिशन की शुरुआत 2015 में की गई थी और इसका मकसद भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाना है। इसके तहत देशभर के शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में सुपरकंप्यूटर स्थापित किए जा रहे हैं। ये सुपरकंप्यूटर नेशनल नॉलेज नेटवर्क (NKN) के माध्यम से आपस में जुड़े हुए हैं, जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए व्यापक स्तर पर पहुँच और सहयोग सुनिश्चित होता है।

**चर्चा में क्यों?**

हाल ही में पीआईबी (PIB) द्वारा प्रकाशित जानकारी के अनुसार, नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के तहत अब तक की गई प्रगति उल्लेखनीय रही है। मार्च 2025 तक इस मिशन के अंतर्गत 34 सुपरकंप्यूटर सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं, जो 10,000 से अधिक शोधकर्ताओं को कंप्यूटिंग शक्ति प्रदान कर रहे हैं। इससे जलवायु मॉडलिंग, दवा खोज, और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा मिला है। वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया यह मिशन भारत को सुपरकंप्यूटिंग के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**मिशन का अवलोकन**

**शुभारंभ:** 2015, भारत सरकार द्वारा
**प्रमुख लक्ष्य:** भारत में स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमताओं का निर्माण और तैनाती

**मुख्य फोकस क्षेत्र**

- अनुसंधान एवं विकास (R&D) क्षमताओं को सशक्त बनाना
- सुपरकंप्यूटिंग में आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) को बढ़ावा देना
- शिक्षा, चिकित्सा, ऊर्जा, खगोलशास्त्र और जलवायु विज्ञान जैसे क्षेत्रों का समर्थन करना

**मुख्य घटक**

- शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में सुपरकंप्यूटर की स्थापना
- त्रिनेत्र जैसे स्वदेशी हाईस्पीड कम्युनिकेशन नेटवर्क का विकास-
- HPC (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में कुशल पेशेवरों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना

**वर्तमान स्थिति और उपलब्धियां**

**तैनात सुपरकंप्यूटर**

- मार्च 2025 तक, 34 सुपरकंप्यूटर तैनात किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 35 पेटाफ्लॉप्स है
- प्रमुख लाभार्थी संस्थानों में IISc, IITs और C-DAC शामिल हैं
- इन प्रणालियों ने 10,000 से अधिक शोधकर्ताओं (1,700+ पीएचडी विद्वान सहित) को सहायता प्रदान की है

**R&D पर प्रभाव**

- शोधकर्ताओं ने 1 करोड़ कंप्यूट कार्य पूरे किए और 1,500+ शोधपत्र अग्रणी जर्नलों में प्रकाशित किए
- सुपरकंप्यूटर ने इन प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान में सफलता दिलाई है:
  - दवा खोज
  - आपदा प्रबंधन
  - ऊर्जा सुरक्षा
  - जलवायु मॉडलिंग
  - खगोल वैज्ञानिक अनुसंधान
  - पदार्थ अनुसंधान

**स्वदेशी विकास**

- पुणे, दिल्ली और कोलकाता में स्वदेशी तकनीक से निर्मित PARAM Rudra सुपरकंप्यूटर परिचालन में हैं
- त्रिनेत्र नेटवर्क, भारत का हाईस्पीड कम्युनिकेशन नेटवर्क-, कंप्यूटिंग नोड्स के बीच डेटा ट्रांसफर को बेहतर बना रहा है

**प्रमुख उपलब्धियां**

- **AIRAWAT परियोजना:** भारत की AI सुपरकंप्यूटिंग संरचना, जिसकी क्षमता 200 पेटाफ्लॉप्स है, ISC 2023 में वैश्विक स्तर पर 75वें स्थान पर रही
- **PARAM Pravega:** IISc बेंगलुरु में स्थापित, यह भारत के सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटरों में से एक है )3.3 पेटाफ्लॉप्स क्षमता(
- **PARAM Shivay:** 2019 में IIT BHU, वाराणसी में स्थापित पहला स्वदेशी सुपरकंप्यूटर

**इन्फ्रास्ट्रक्चर के चरण**

- **चरण 1:** प्रारंभिक सुपरकंप्यूटिंग ढांचे की स्थापना पर केंद्रित, जिसमें छह सुपरकंप्यूटर तैनात किए गए और भारत में प्रणाली घटकों की असेंबली शुरू की गई
- **चरण 2:** सुपरकंप्यूटरों और सॉफ्टवेयर स्टैक्स के स्वदेशी निर्माण पर केंद्रित, जिसमें 40% मूल्यवर्धन भारत से हुआ
- **चरण 3:** पूर्ण स्वदेशीकरण की ओर अग्रसर, उन्नत HPC प्रणालियों को प्रमुख संस्थानों में स्थापित करना लक्ष्य

**इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) से NSM को सशक्त करना**

- इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM), सुपरकंप्यूटिंग के लिए आवश्यक प्रोसेसर, मेमोरी चिप्स और एक्सेलेरेटर जैसे घटकों के उत्पादन में भारत की क्षमता को बढ़ाकर NSM को समर्थन देगा
- ISM का उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे तेज़, अधिक प्रभावी और किफायती सुपरकंप्यूटर भारत की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किए जा सकें।

## भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, अमेरिका पहले नंबर पर

भारत, जो 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की ताज़ा विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करती है और इसे अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ तुलना करती है। वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद, भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और आज भी सबसे तेज़ी से विकास कर रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। यह लेख वैश्विक आर्थिक रैंकिंग, भारत की वर्तमान स्थिति और उसके भविष्य के विकास परिदृश्य की गहराई से समीक्षा करता है।

**क्यों चर्चा में है?**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की हालिया विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट (World Economic Outlook – अप्रैल 2025) के अनुसार, भारत वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जापान के बराबर पहुंच गया है। IMF ने भारत की 2025 के लिए 6.2% की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान लगाया है, जिससे यह वैश्विक स्तर पर सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

**वैश्विक आर्थिक परिदृश्य**

- IMF ने 2025 के लिए **वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर** को घटाकर **2.8%** कर दिया है। इसका कारण **व्यापार युद्ध, नीतिगत अनिश्चितताएं और धीमी रिकवरी** है।
- भारत के मामले में, भले ही अनुमानित वृद्धि दर को **6.5% से घटाकर 6.2%** किया गया हो, लेकिन यह अब भी **वैश्विक स्थिरता में मुख्य भूमिका** निभा रहा है।

**शीर्ष 10 वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं (2025)**

| रैंक | देश | GDP (USD) | अनुमानित वृद्धि दर | प्रति व्यक्ति GDP (USD) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | $30.34 ट्रिलियन | 2.70% | $30.51 हज़ार |
| 2 | चीन | $19.53 ट्रिलियन | 4.60% | $19.23 हज़ार |
| 3 | जर्मनी | $4.92 ट्रिलियन | 0.80% | $4.74 हज़ार |
| 4 | **भारत** | **$4.39 ट्रिलियन** | **6.20%** | **$4.19 हज़ार** |
| 5 | जापान | $4.27 ट्रिलियन | 0.60% | $4.19 हज़ार |
| 6 | यूनाइटेड किंगडम | $3.73 ट्रिलियन | 1.60% | $3.84 हज़ार |
| 7 | फ्रांस | $3.28 ट्रिलियन | 0.80% | $3.21 हज़ार |
| 8 | इटली | $2.46 ट्रिलियन | 0.70% | $2.42 हज़ार |
| 9 | कनाडा | $2.33 ट्रिलियन | 2.00% | $2.23 हज़ार |
| 10 | ब्राज़ील | $2.31 ट्रिलियन | 2.20% | $2.13 हज़ार |

**भारत की स्थिति और भविष्य की दिशा**

- भारत में **ग्रामीण उपभोग** और **निजी निवेश** में वृद्धि देखी जा रही है।
- **प्रति व्यक्ति GDP** $4,190 है, जो जापान के स्तर के बराबर है।
- भारत **2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** बनने की राह पर है।
- सरकार द्वारा **इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया**, और **नवाचार को प्रोत्साहन** आर्थिक विकास के मुख्य स्तंभ हैं।

**महत्त्व**

- भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था **वैश्विक आर्थिक असंतुलन को संतुलित** करने में भूमिका निभा रही है।
- यह रिपोर्ट भारत के लिए **निवेश, रोजगार सृजन और वैश्विक नेतृत्व** की दिशा में संकेत करती है।

## केयर एज राज्य रैंकिंग 2025: महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक सबसे आगे

CareEdge रेटिंग्स स्टेट रैंकिंग 2025 में महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक ने समग्र प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष तीन राज्यों के रूप में स्थान प्राप्त किया है। ये रैंकिंग सात प्रमुख स्तंभोंआर्थिक—, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरणके आधार पर दी गई है—, जिनमें कुल 50 संकेतकों का मूल्यांकन किया गया।

**क्यों है ख़बर में?**

CareEdge Ratings की नवीनतम स्टेट रैंकिंग 2025 में महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक को भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य घोषित किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उनके मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है।

**रैंकिंग का उद्देश्य**

- **प्रदर्शन का मूल्यांकन:** राज्यों के समग्र विकास और सतत प्रगति का मूल्यांकन करना।
- **समग्र दृष्टिकोण:** सात स्तंभों के माध्यम से प्रत्येक राज्य के विकास की बहुआयामी तस्वीर पेश करना।
- **नीतिगत निर्णय में सहायता:** निवेश और नीति निर्धारण के लिए-आवश्यक सूचनाएं प्रदान करना।

**रिपोर्ट का महत्व**

- **निवेश आकर्षण:** उच्च रैंक वाले राज्य बेहतर निवेश संभावनाएं प्रदान करते हैं।
- **क्षेत्रीय विकास अंतर्दृष्टि:** रिपोर्ट पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों की आर्थिक और पर्यावरणीय श्रेष्ठता को उजागर करती है।
- **नीति निर्माण:** यह रिपोर्ट उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करती है जहाँ राज्यों को सुधार की ज़रूरत है, जैसे सामाजिक विकास या पर्यावरणीय शासन।

**प्रमुख निष्कर्ष**

- **महाराष्ट्र:** समग्र रूप से पहले स्थान पर, आर्थिक, वित्तीय और सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण।
- **गुजरात:** प्रति व्यक्ति जीएसडीपी, एफडीआई और औद्योगिक निवेश जैसे आर्थिक संकेतकों में शानदार प्रदर्शन।
- **कर्नाटक:** औद्योगिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता के साथ तीसरे स्थान पर।
- **गोवा:** छोटे राज्यों में सबसे ऊपर, विशेष रूप से वित्तीय विकास, राजकोषीय स्थिरता और बुनियादी ढांचे में उत्कृष्ट।

**क्षेत्रीय रुझान**

- **पश्चिमी राज्य:** गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्य मजबूत औद्योगिक आधार और निवेश के कारण आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों में अग्रणी हैं।
- **दक्षिणी राज्य:** कर्नाटक ने शासन और पर्यावरणीय संकेतकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो टिकाऊ विकास और सुशासन की ओर इंगित करता है।




## मध्य प्रदेश ने भारत की पहली एआई-संचालित रियल-टाइम वन चेतावनी प्रणाली शुरू की

मध्य प्रदेश ने वन संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत की पहली AI-आधारित रियल-टाइम वन अलर्ट सिस्टम लॉन्च किया है। यह प्रणाली उपग्रह डेटा, AI और मोबाइल आधारित फील्ड रिपोर्टिंग का उपयोग करके भूमि अतिक्रमण, वनों की कटाई और अन्य परिवर्तनों का पता लगाने में मदद करती है। यह पहल पांच वन प्रभागों में पायलट परियोजना के रूप में शुरू की गई है और यह भारत में प्रभावी वन प्रबंधन का एक मॉडल बनने की संभावना रखती है।

**खबर में क्यों है?**

मध्य प्रदेश ने भारत की पहली AI-आधारित रियल-टाइम वन अलर्ट सिस्टम लॉन्च की है, जो वन संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव पहल है। उपग्रह इमेजरी, मोबाइल फीडबैक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके यह प्रणाली वन निगरानी को मजबूत करने और भूमि अतिक्रमण और वन क्षरण पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद करेगी।

**प्रणाली का उद्देश्य**

- **सक्रिय निगरानी:** यह प्रणाली भूमि उपयोग में परिवर्तन, वनों की कटाई और अतिक्रमण का पता लगाने का उद्देश्य रखती है, ताकि त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।
- **रियल-टाइम अलर्ट:** उपग्रह चित्रों से अलर्ट तैयार किए जाते हैं और उन्हें फील्ड स्टाफ को तत्काल सत्यापन और कार्रवाई के लिए भेजा जाता है।

**उदाहरणात्मक पहल का महत्व**

- **पहली बार:** मध्य प्रदेश पहला राज्य है जो वन निगरानी के लिए AI और उपग्रह डेटा को एकीकृत कर रहा है, जिससे अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण स्थापित हो रहा है।
- **कुशलता:** रियल-टाइम डेटा का उपयोग करके वन अधिकारी illegal logging और भूमि अतिक्रमण जैसी समस्याओं को शीघ्र समाधान कर सकते हैं।
- **सततता:** पर्यावरणीय परिवर्तनों की पहचान और त्वरित प्रतिक्रिया से वन संरक्षण और सतत वन प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

**पृष्ठभूमि**

- यह परियोजना मध्य प्रदेश के वन क्षेत्रों में अक्सर उत्पन्न होने वाली समस्याओं जैसे अवैध कटाई और भूमि अतिक्रमण का जवाब है। इस प्रणाली में Google Earth Engine से उपग्रह इमेजरी और AI एल्गोरिदम का उपयोग किया जाता है ताकि वन भूमि उपयोग परिवर्तनों जैसे वनस्पति परिवर्तन, निर्माण या कृषि अतिक्रमण का पता लगाया जा सके।

**मुख्य तथ्य**

- **पायलट परियोजना:** यह प्रणाली वर्तमान में पांच संवेदनशील वन प्रभागों में परीक्षण की जा रही है: शिवपुरी, गुना, विदिशा, बुरहानपुर और खंडवा।
- **AI एकीकरण:** मशीन लर्निंग मॉडल लगातार क्षेत्रीय डेटा के आधार पर अलर्ट और भविष्यवाणियों की सटीकता को सुधारते हैं।
- **डेटा विशेषताएँ:** प्रत्येक अलर्ट में 20 से अधिक डेटा बिंदु होते हैं, जिसमें GPS-टैग की गई तस्वीरें, वॉयस नोट्स और मोबाइल ऐप से सर्वेक्षण टिप्पणियाँ शामिल होती हैं।

## National Affairs

- 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने एक कड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान से सभी प्रकार के माल के आयात और पारगमन (Transit) पर प्रतिबंध लगा दिया है, चाहे वह किसी तीसरे देश के माध्यम से ही क्यों न आ रहा हो। यह निर्णय भारत-पाकिस्तान के बिगड़ते संबंधों, सीमा पर बढ़ती सुरक्षा और सीमा पार आतंकवाद की फंडिंग को रोकने की नीति के तहत लिया गया है। (Click here to read article)
- भारत के समुद्री अवसंरचना को नया आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 मई 2025 को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विझिंजम अंतरराष्ट्रीय गहरे पानी का बहुउद्देश्यीय बंदरगाह का उद्घाटन किया। ₹8,800 करोड़ की लागत से विकसित यह अत्याधुनिक बंदरगाह अब भारत का एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब बनने जा रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े मालवाहक जहाजों को संभालने में सक्षम है और भारत की विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता को कम करेगा। इसका उद्घाटन आदि शंकराचार्य की जयंती पर हुआ, जिससे इस आर्थिक उपलब्धि को एक आध्यात्मिक महत्व भी मिला। (Click here to read article)
- आधुनिक औद्योगिक प्रथाओं, डिजिटल तकनीकों और बाजार की वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप बदलाव करते हुए, केंद्र सरकार ने दशकों पुराने शुगर (नियंत्रण) आदेश, 1966 को निरस्त कर शुगर (नियंत्रण) आदेश, 2025 लागू किया है। इस पहल का उद्देश्य चीनी के उत्पादन, मूल्य निर्धारण और निगरानी प्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही लाना है। यह कदम न केवल किसानों के हितों की सुरक्षा करता है, बल्कि भारत की वैश्विक चीनी अर्थव्यवस्था में स्थिति को भी मजबूत बनाता है। (Click here to read article)
- भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI), जो देश में चुनावों की निगरानी करने वाली संवैधानिक संस्था है, ने चुनावी प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए तीन नई पहलों की शुरुआत की है। इन उपायों का उद्देश्य बेहतर डेटा सटीकता के लिए तकनीक का उपयोग करना, मतदाताओं को अधिक सूचित बनाना और बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) — ECI के अग्रिम पंक्ति प्रतिनिधियों — में जनविश्वास बढ़ाना है। ये सुधार आगामी चुनावों से पहले पारदर्शिता, समावेशिता और मतदाता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। (Click here to read article)
- मध्य प्रदेश ने वन संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत की पहली AI-आधारित रियल-टाइम वन अलर्ट सिस्टम लॉन्च किया है। यह प्रणाली उपग्रह डेटा, AI और मोबाइल आधारित फील्ड रिपोर्टिंग का उपयोग करके भूमि अतिक्रमण, वनों की कटाई और अन्य परिवर्तनों का पता लगाने में मदद करती है। यह पहल पांच वन प्रभागों में पायलट परियोजना के रूप में शुरू की गई है और यह भारत में प्रभावी वन प्रबंधन का एक मॉडल बनने की संभावना रखती है। (Click here to read article)
- बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा — बोडो समुदाय के एक सम्मानित नेता — को उनकी अहिंसात्मक संघर्ष के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है, जो जनजातीय पहचान, अधिकारों और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए समर्पित था। 1 मई 2025 को भारत सरकार ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नई दिल्ली में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और एक प्रमुख सड़क व रोटरी का नामकरण उनके नाम पर किया। यह पहल सरकार की जनजातीय सशक्तिकरण, पूर्वोत्तर भारत में शांति स्थापना, और क्षेत्रीय आंदोलनों को राष्ट्रीय पहचान देने वाले नेताओं को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। (Click here to read article)
- भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India) ने 30 अप्रैल 2025 को, नई दिल्ली में बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा के 369 ज़मीनी स्तर के चुनाव अधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता-विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह पहल विशेष रूप से बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। (Click here to read article)
- सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण निर्णय में, डिजिटल केवाईसी नियमों में संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया गया है ताकि उन्हें विकलांग व्यक्तियों, विशेष रूप से दृष्टिहीनता और चेहरे की विकृति (जैसे एसिड अटैक पीड़ितों) से प्रभावित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाया जा सके। यह मामला दो रिट याचिकाओं से उत्पन्न हुआ था, जिनमें डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया को समावेशी बनाने की मांग की गई थी। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह एक ऐसा डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करे जो सभी नागरिकों, विशेष रूप से वंचित वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखे और उन्हें समान रूप से सेवाओं तक पहुंच प्रदान करे। (Click here to read article)
- महाराष्ट्र सरकार ने 29 अप्रैल 2025 को लंदन में हुई नीलामी में मराठा योद्धा रघुजी भोसले प्रथम की ऐतिहासिक तलवार को ₹47.15 लाख में खरीदा। यह तलवार मराठा वीरता और विरासत की प्रतीक है। इसे 'फिरंगी' शैली में बनाया गया है, जिसमें यूरोपीय प्रकार की एक धार वाली ब्लेड, सोने की सजावट, और देवनागरी लिपि में शिलालेख हैं। रघुजी भोसले प्रथम ने मराठा साम्राज्य को सुदृढ़ करने और पूर्व-मध्य भारत में उसका विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह ऐतिहासिक अधिग्रहण मराठा संस्कृति और धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। (Click here to read article)
- शिलॉन्ग–सिलचर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर परियोजना एक रणनीतिक अवसंरचना पहल है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत—विशेष रूप से मेघालय और असम—के बीच संपर्क बेहतर बनाना है। यह चार लेन वाली नियंत्रित-प्रवेश हाईवे है जो 166.80 किमी लंबी है और मुख्यतः पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। यह परियोजना PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लाई गई है। (Click here to read article)
- गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 की पेराई सत्र के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (FRP) ₹355 प्रति क्विंटल निर्धारित करने को मंज़ूरी दी है। यह दर 10.25% की मूल रिकवरी दर पर आधारित है, जिसमें अधिक या कम रिकवरी होने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन और सुरक्षा प्रावधान भी शामिल हैं। यह निर्णय कृषि आधारित चीनी उद्योग में स्थिरता को बढ़ावा देगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था, विशेषकर गन्ना किसानों को सीधा लाभ पहुंचाएगा। (Click here to read article)
- कॉर्पोरेट प्रशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास के तहत, वित्त वर्ष 2023-24 में सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पर खर्च में 16% की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि उस अवधि के बाद आई है जब इस खर्च में स्थिरता बनी हुई थी, और यह इन कंपनियों के औसत शुद्ध मुनाफे में वृद्धि के अनुरूप है। वर्ष 2014 से लागू CSR कानून के तहत, योग्य कंपनियों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरणीय स्थिरता जैसी सामाजिक पहलों में निवेश करना अनिवार्य है। (Click here to read article)

- एक अनोखी और सतत शहरी ढांचे की दिशा में उठाए गए कदम के तहत, गाजियाबाद नगर निगम (GNN) ने अत्याधुनिक जल पुनर्चक्रण सुविधा के लिए फंड जुटाने हेतु ग्रीन म्यूनिसिपल बॉन्ड्स का उपयोग कर एक नई पहल की है। यह भारत के शहरी वित्तीय तंत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एवं संसाधन संरक्षण के क्षेत्र में एक आदर्श स्थापित करता है। (Click here to read article)
- जनरेटिव एआई (GenAI) क्षेत्रों में महिलाओं की कम भागीदारी को दूर करने के उद्देश्य से फेसबुक इंडिया (अब मेटा) की पहली कर्मचारी और पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर किर्थिगा रेड्डी ने एक महिला-केंद्रित एआई प्लेटफॉर्म AI किरण की घोषणा की है। यह पहल भारतीय महिलाओं को एआई के क्षेत्र में जोड़ने, मार्गदर्शन देने, आर्थिक सहायता प्रदान करने और प्रमाणित करने का कार्य करेगी। इसका विशेष फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा और सततता जैसे प्रभावशाली क्षेत्रों पर रहेगा। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य भारतीय महिलाओं को वैश्विक एआई क्रांति के केंद्र में स्थापित करना है। (Click here to read article)
- नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) भारत की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना है। इस मिशन की शुरुआत 2015 में की गई थी और इसका मकसद भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाना है। इसके तहत देशभर के शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में सुपरकंप्यूटर स्थापित किए जा रहे हैं। ये सुपरकंप्यूटर नेशनल नॉलेज नेटवर्क (NKN) के माध्यम से आपस में जुड़े हुए हैं, जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए व्यापक स्तर पर पहुँच और सहयोग सुनिश्चित होता है। (Click here to read article)
- सतत शहरी नदी प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) ने रिवर सिटीज़ एलायंस (RCA) के तहत एक्शन प्लान 2025 को मंज़ूरी दी है। यह योजना क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और सहयोगात्मक शहरी शासन के लिए एक रणनीतिक ढांचा प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य शहर नियोजन में नदी-संवेदनशील प्रथाओं को शामिल करना है। जल शक्ति मंत्रालय और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त पहल RCA में अब 145 शहर शामिल हो चुके हैं, जो समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से नदियों के पुनर्जीवन के लिए प्रतिबद्ध हैं। (Click here to read article)

## States in the News

- फरवरी 2024 में उद्घाटन किए जाने वाले चेन्नई के कलैगनार शताब्दी पार्क में मनोरंजन, शिक्षा और गर्मी से राहत का मिश्रण है। एग्री हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी से प्राप्त भूमि पर बने इस पार्क में 500 मीटर की ज़िपलाइन, एवियरी, ट्रीहाउस, वनस्पति प्रदर्शनी और बच्चों के खेलने का क्षेत्र जैसे आकर्षण हैं। (Click here to read article)
- मिज़ोरम इस समय अफ्रीकन स्वाइन फीवर (ASF) के गंभीर प्रकोप से जूझ रहा है, जिसके कारण केवल एक महीने में 3,000 से अधिक सूअरों की मौत हो चुकी है। यह प्रकोप मुख्य रूप से सियाहा, लॉन्गतलाई, लुंगलई और मामित ज़िलों को प्रभावित कर रहा है। इस बीमारी ने न केवल स्थानीय सुअर पालन को भारी नुकसान पहुँचाया है, बल्कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन को सुअरों को मारने (क़त्ल करने) जैसे कठोर कदम उठाने पर भी मजबूर कर दिया है। (Click here to read article)
- कल्लापु-सजीपा रिवरफ्रंट रोड परियोजना, जो मंगळूरु में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास पहल है, का उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुधारना है। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में ₹40 करोड़ की स्वीकृति मिलने के बाद, इस परियोजना को पर्याप्त वित्तीय समर्थन प्राप्त हुआ है, जो इसके निरंतर प्रगति को सुनिश्चित करता है। यह सड़क विभिन्न क्षेत्रों तक पहुँच में सुधार करेगी, जिससे स्थानीय निवासियों को लाभ मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। (Click here to read article)
- कलैगनार शताब्दी पार्क, जो चेन्नई, तमिलनाडु में स्थित है, शहर की सार्वजनिक स्थानों में एक महत्वपूर्ण जुड़ाव है, जो दिवंगत मुख्यमंत्री म. करुणानिधि की शताब्दी का जश्न मनाता है। यह न केवल एक हरा-भरा अभयारण्य है, बल्कि एक आधुनिक मनोरंजन पार्क भी है, जिसमें जिपलाइन, पक्षीघर और विशेष पौधों की प्रदर्शनी जैसे अनोखे फीचर्स शामिल हैं। 46 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस पार्क का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना, मनोरंजन प्रदान करना और करुणानिधि की धरोहर को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। (Click here to read article)
- भारत में चीते की पुनःप्रस्तावना हाल की सबसे महत्वाकांक्षी वन्यजीव संरक्षण पहलों में से एक है। परियोजना चीता के तहत, भारत ने नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से अफ्रीकी चीते को स्थानांतरित करके विलुप्त हो चुकी प्रजाति को फिर से जीवित करने में सफलता प्राप्त की है। हाल ही में, मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में एक बड़ी सफलता देखने को मिली, जब एक मादा चीता, निर्वा ने पांच शावकों को जन्म दिया। यह घटना न केवल पुनःप्रस्तावना परियोजना की सकारात्मक प्रगति को दर्शाती है, बल्कि भारत की जैव विविधता संरक्षण प्रयासों को भी मजबूत करती है। (Click here to read article)

## International Affairs

- वियतनाम ने साइगॉन पतन की 50वीं वर्षगांठ मनाई, जो आधिकारिक रूप से 30 अप्रैल 1975 को वियतनाम युद्ध की समाप्ति का प्रतीक है। वियतनाम में इस दिन को "दक्षिणी मुक्ति और राष्ट्रीय पुनःएकीकरण दिवस" के रूप में जाना जाता है। यह वर्षगांठ गहरी ऐतिहासिक महत्ता रखती है, जो साम्यवादी उत्तरी वियतनाम की अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम पर जीत का प्रतीक है। (Click here to read article)
- कमला प्रसाद-बिसेसर, जो त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली महिला प्रधानमंत्री रही हैं, ने हाल ही में हुए आम चुनावों में शानदार जीत दर्ज की है और एक बार फिर देश की प्रधानमंत्री बन गई हैं। उनकी यह जीत कैरेबियाई देश की राजनीतिक व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत देती है, जहाँ यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस (UNC) ने लंबे समय से सत्ता में रही पीपुल्स नेशनल मूवमेंट (PNM) को पराजित किया है। यह कमला प्रसाद-बिसेसर की एक उल्लेखनीय वापसी है, जिन्होंने इससे पहले 2010 से 2015 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। (Click here to read article)
- नेपाल एक नया मसौदा कानून पेश करने जा रहा है, जिसका उद्देश्य माउंट एवरेस्ट पर केवल अनुभवी पर्वतारोहियों को चढ़ाई की अनुमति देना है। इस प्रस्तावित नियम के अनुसार, केवल वही पर्वतारोही एवरेस्ट पर चढ़ने के पात्र होंगे, जिन्होंने पहले 7,000 मीटर से ऊंची किसी चोटी को सफलतापूर्वक फतह किया हो। यह कदम बढ़ती मृत्यु दर, अत्यधिक भीड़ और पर्यावरणीय क्षरण की चिंताओं को देखते हुए उठाया गया है। (Click here to read article)

- एक ऐतिहासिक चुनावी परिणाम में, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कनाडा के संघीय चुनाव में जीत की घोषणा की है, जिससे उनकी लिबरल पार्टी को लगातार चौथी बार सत्ता मिली है। यह उल्लेखनीय जीत ऐसे समय में हुई है जब कनाडा आंतरिक और बाह्य जटिल चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें अमेरिका के साथ व्यापार विवाद और तेजी से बढ़ती जीवन-यापन लागत जैसी समस्याएं शामिल हैं। (Click here to read article)

## Agreements/MoUs Signed

- भारत की सीमा व्यापार और यात्री आवाजाही ढांचे को मज़बूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (LPAI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक साझेदारी भारत के नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे पड़ोसी देशों से जुड़ने वाले 26 लैंड पोर्ट्स पर बैंकिंग सेवाएं स्थापित और उन्नत करने का लक्ष्य रखती है। (Click here to read article)
- भारत में विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड निवेश को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से, डाक विभाग (DoP) और एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड (SBIFM) ने आपसी सहयोग की पहल की है। इस साझेदारी के तहत डाकिया अब घर-घर जाकर केवाईसी (KYC) सत्यापन की सुविधा प्रदान करेंगे। यह सेवा निवेशकों के लिए एक सुरक्षित, सटीक और सुविधाजनक ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। इस पहल में भारत पोस्ट के विशाल डाक नेटवर्क का लाभ उठाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को म्यूचुअल फंड निवेश से जोड़ा जा सके। (Click here to read article)
- निवेशक शिक्षा और संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन कार्यरत निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (IEPFA) ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) के साथ साझेदारी की है। यह सहयोग एक समझौता ज्ञापन (MoU) के माध्यम से औपचारिक रूप से स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य कोटक के व्यापक भौतिक और डिजिटल नेटवर्क का उपयोग करके जिम्मेदार निवेश, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव और निवेशकों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों का प्रसार करना है। यह पूरा अभियान IEPFA पर किसी भी वित्तीय भार के बिना संचालित किया जाएगा। (Click here to read article)
- भारत ने फ्रांस के साथ 630 अरब रुपये (7.4 बिलियन डॉलर) में 26 राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सौदे में फाइटर जेट्स के एकल-सीटर और ट्विन-सीटर संस्करण दोनों शामिल हैं, जिसका उद्देश्य भारत की नौसैनिक वायु शक्ति को मजबूत करना और फ्रांस के साथ रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करना है। इन विमानों की आपूर्ति 2030 तक पूरी होने की उम्मीद है, और यह सौदा सैन्य और आर्थिक दोनों प्रकार के लाभ प्रदान करेगा, जिसमें नौकरियों का सृजन और व्यापारिक अवसर शामिल हैं। (Click here to read article)

## Books and Authors

- राष्ट्रीय अभिलेखागार और वाणी प्रकाशन के सहयोग से 30 अप्रैल 2025 को पुस्तक "रामानुजन: जर्नी ऑफ अ ग्रेट मैथमेटिशियन" का विमोचन किया जाएगा। इस पुस्तक के लेखक अरुण सिंघल और देवेंद्र कुमार शर्मा हैं, जिन्होंने भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के अद्भुत जीवन और विरासत को गहराई से प्रस्तुत किया है। यह कार्यक्रम रामानुजन के जीवन की दुर्लभ दस्तावेज़ों और पत्रों के माध्यम से उनकी विलक्षण प्रतिभा, संघर्षों और गणित में योगदान को उजागर करेगा। (Click here to read article)

## Banking/Economy/Business News

- भारत के व्यापार क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, वित्तीय वर्ष 2024–25 में देश का कुल निर्यात अब तक के सर्वोच्च स्तर यानी 824.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। यह आंकड़ा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की नवीनतम सेवाओं व्यापार रिपोर्ट में सामने आया है। यह निर्यात पिछले वर्ष के 778.1 अरब डॉलर की तुलना में 6.01% की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। इस उछाल में सेवाओं के निर्यात की विशेष भूमिका रही, जिसमें दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। यह भारत की आईटी, परामर्श, वित्त और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में बढ़ती दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को उजागर करता है। (Click here to read article)
- भारत के कोयला क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025–26 की शुरुआत मजबूती से की है, जिसमें अप्रैल 2025 में उत्पादन और आपूर्ति दोनों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि यह दर्शाती है कि ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास में कोयला अब भी रणनीतिक भूमिका निभा रहा है। आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू उपलब्धता बढ़ाने पर जोर देते हुए यह प्रदर्शन भारत की ऊर्जा प्रणाली और आत्मनिर्भरता लक्ष्यों के लिए अहम है। (Click here to read article)
- मेक इन इंडिया पहल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया है, जो एक नए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के लिए रूपरेखा तैयार करेगी। इस मिशन की घोषणा पहली बार फरवरी 2025 के केंद्रीय बजट के दौरान की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत की जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को बढ़ाना है। नीति आयोग के सीईओ बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में यह समिति पहले ही राज्य सरकारों और देशी उद्योगों सहित प्रमुख हितधारकों से परामर्श शुरू कर चुकी है। (Click here to read article)
- भारत की फैक्ट्री उत्पादन दर, जिसे औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के माध्यम से मापा जाता है, मार्च 2025 में मामूली रूप से 3% बढ़ी, जो फरवरी के छह महीने के निचले स्तर से थोड़ी बेहतर रही, लेकिन पिछले वर्ष की 5.5% वृद्धि से कम रही। पूरे वित्त वर्ष 2024–25 में औद्योगिक उत्पादन में 4% की वृद्धि हुई, जो FY24 में दर्ज 5.9% वृद्धि से धीमी रही। विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों में हल्के सुधार के बावजूद, खनन क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन ने समग्र वृद्धि को सीमित कर दिया। (Click here to read article)

- फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के पूर्वानुमान को घटा दिया है, इसे 10 आधार अंकों की कटौती के साथ 6.4% कर दिया गया है। यह संशोधन वैश्विक व्यापार तनावों के बढ़ने, विशेष रूप से अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के तेज होने के बीच किया गया है। फिच ने वैश्विक विकास पूर्वानुमान भी घटाया है, यह बताते हुए कि व्यापार नीतियों में जारी अनिश्चितताएँ और उनके आर्थिक प्रभाव व्यापार निवेश, वैश्विक शेयर बाजारों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गतिशीलता को प्रभावित कर रहे हैं। (Click here to read article)
- विश्व स्तर पर बढ़ती आर्थिक अनिश्चितताओं और विदेशी मुद्रा भंडारण रणनीतियों में बदलाव के बीच, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने भंडार में 57.5 टन सोना जोड़ा है, जो 2017 में सोने का संग्रह शुरू करने के बाद से दूसरा सबसे बड़ा वार्षिक अधिग्रहण है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब वैश्विक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के कारण सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखा गया है। (Click here to read article)
- भारत की मौद्रिक नीति को वास्तविक समय में घरेलू भावनाओं के आधार पर बेहतर ढंग से तैयार करने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने तीन महत्वपूर्ण सर्वेक्षण शुरू किए हैं: इन्फ्लेशन एक्सपेक्टेशन्स सर्वे ऑफ हाउसहोल्ड्स (IESH), अर्बन कंज़्यूमर कॉन्फिडेंस सर्वे (UCCS) और रूरल कंज़्यूमर कॉन्फिडेंस सर्वे (RCCS)। ये सर्वेक्षण महंगाई के रुझानों, उपभोक्ता विश्वास और आर्थिक भावना का मूल्यांकन करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिससे केंद्रीय बैंक सूचित और सटीक नीतिगत निर्णय ले सके। (Click here to read article)
- नियामक स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, डिजिटल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने मई 2024 में PRAVAAH पोर्टल की शुरुआत की थी। अब अनुपालन और दक्षता में सुधार के लिए, RBI ने सभी विनियमित संस्थाओं के लिए इस ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग अनिवार्य कर दिया है, जो 1 मई 2025 से प्रभावी होगा। यह कदम वित्तीय क्षेत्र में डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में RBI की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। (Click here to read article)
- सामान्य रूप से उपयोग की जाने वाली मुद्रा मूल्यों तक जनता की पहुँच को बेहतर बनाने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटरों (WLAOs) को निर्देश दिया है कि वे एटीएम से नियमित रूप से ₹100 और ₹200 मूल्यवर्ग के बैंकनोट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक चरण के लिए निर्धारित समयसीमा तय की गई है। (Click here to read article)




## Appointments/Resignations

- एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को वायुसेना के नए उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने एयर मार्शल एसपी धारकर का स्थान लिया है जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले, एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के एयर आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) के रूप में कार्यरत थे। वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। तीन दशकों से अधिक की विशिष्ट सेवा के साथ, एयर मार्शल तिवारी एक अत्यंत सुसज्जित अधिकारी हैं। वे संचालन विशेषज्ञता, उड़ान परीक्षण की उत्कृष्ट योग्यता और रणनीतिक नेतृत्व के अनुभव के साथ वायु सेना को भविष्य की ओर मार्गदर्शित करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। (Click here to read article)
- भारती एंटरप्राइज़ेज़ के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल विश्व बैंक की उच्च स्तरीय पहल 'प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब' (PSIL) से जुड़े हैं, जिसका उद्देश्य उभरते हुए बाजारों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के लिए निजी क्षेत्र द्वारा संचालित समाधानों को तेज़ी से बढ़ावा देना है। इस पहल के नवीनतम चरण में ऊर्जा, अवसंरचना और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रभावशाली निवेश रणनीतियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष वैश्विक नेताओं को शामिल किया गया है। सुनील भारती मित्तल की भागीदारी भारत की वैश्विक निवेश नीति निर्माण में बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। (Click here to read article)
- हालिया प्रमुख प्रशासनिक नियुक्ति में, सुश्री सुजाता चतुर्वेदी, एक अनुभवी सिविल सेविका, जिन्होंने तीन दशकों से अधिक की सेवा की है, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सदस्य के रूप में शामिल हुई हैं। राज्य और केंद्र सरकार दोनों स्तरों पर उनके व्यापक अनुभव—खासकर युवा मामले और खेल मंत्रालय में खेल विभाग की सचिव के रूप में—को देखते हुए, यह नियुक्ति आयोग की विशेषज्ञता में एक महत्वपूर्ण वृद्धि मानी जा रही है। (Click here to read article)
- पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) में बड़ा बदलाव किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को NSAB का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में किए गए इस पुनर्गठन का उद्देश्य हालिया आतंकी हमलों से निपटने और देश की सुरक्षा प्रतिक्रिया को मजबूत करना है। (Click here to read article)

## Defence News

- भारत की रक्षा नेतृत्व में 1 मई 2025 को थलसेना और वायुसेना के स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव हुए। ये नियुक्तियाँ नेतृत्व में पीढ़ीगत परिवर्तन को दर्शाती हैं और संचालन तत्परता, प्रशिक्षण की प्रभावशीलता तथा त्रि-सेवा समन्वय को सशक्त बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। (Click here to read article)
- एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी पीवीएसएम एवीएसएम वीएम ने 2 मई 2025 को भारतीय वायुसेना के नए उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। 3600 से अधिक उड़ान घंटों के साथ एक अनुभवी लड़ाकू पायलट, उन्होंने परीक्षण, प्रशिक्षण और रणनीति में प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उनके उल्लेखनीय योगदानों में कारगिल ऑपरेशन और एलसीए तेजस परीक्षण में भागीदारी शामिल है। पीवीएसएम, एवीएसएम और वीएम प्राप्त करने वाले, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे भारतीय वायुसेना को नई परिचालन ऊंचाइयों को प्राप्त करने में मार्गदर्शन करेंगे। (Click here to read article)

## Awards and Recognitions

- राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) को भारत के औद्योगिक परिवर्तन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए, विशेष रूप से पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी के विकास के माध्यम से, जन्मभूमि दैनिक द्वारा उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1,710 एकड़ में फैली इस परियोजना का उद्देश्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और अत्याधुनिक तकनीकी एकीकरण के साथ केरल के औद्योगिक परिदृश्य को नया आकार देना है। (Click here to read article)
- पद्म पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं, जो प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण सेवा के लिए व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में विभाजित हैं: पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये सम्मान कला, लोक प्रशासन, विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, समाज सेवा, साहित्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 में कुल 71 विशिष्ट व्यक्तियों को यह प्रतिष्ठित पद्म सम्मान प्रदान किए। (Click here to read article)

## Summits and Conferences News

- भारत द्वारा क्लोरपायरीफॉस जैसे खतरनाक कीटनाशक के वैश्विक उपयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने का हालिया विरोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण और नीतिगत चर्चाओं का केंद्र बन गया है। यह मुद्दा 2025 में आयोजित बेसल, रॉटरडैम और स्टॉकहोम (BRS) कन्वेंशन की बैठकों के दौरान उठा, जहां कई देशों ने स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत इस कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। हालांकि क्लोरपायरीफॉस के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर हानिकारक प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक प्रमाण मजबूत हैं, भारत ने खाद्य सुरक्षा और वैकल्पिक कीटनाशकों की कमी का हवाला देते हुए इस प्रतिबंध का विरोध किया और व्यापक छूट की मांग की। (Click here to read article)
- जैसे-जैसे कैथोलिक चर्च 2025 के पोप चुनाव (पोपल कॉन्क्लेव) की तैयारी कर रहा है, पूरी दुनिया की निगाहें नए पोप के चयन पर टिकी हैं। यह प्रक्रिया मौजूदा पोप के संभावित इस्तीफे या निधन के बाद शुरू होगी, जिससे पोप की गद्दी खाली हो जाएगी — जिसे सेदे वाकांते (sede vacante) कहा जाता है। इस दौरान, दुनिया भर से योग्य कार्डिनल वेटिकन में एकत्रित होंगे और गुप्त मतदान के माध्यम से ऐसे आध्यात्मिक नेता का चयन करेंगे जो चर्च की भविष्य दिशा को तय करेगा। यह चुनाव न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि वैश्विक सामाजिक और नैतिक विमर्शों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। (Click here to read article)
- भारत का मीडिया और मनोरंजन (Media & Entertainment) उद्योग विश्व के सबसे तेज़ी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। WAVES 2025, एक परिवर्तनकारी शिखर सम्मेलन के रूप में कल्पित, रचनात्मकता और तकनीक के बीच सेतु का कार्य करता है, जिसमें कहानी कहने की कला, नवाचार और डिजिटल उद्यमिता को प्रमुखता दी गई है। यह कार्यक्रम वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों, उद्योग के दिग्गजों, रचनात्मक पेशेवरों और अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाता है — और भारत के एक डिजिटल और सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में उभरने की दिशा को मजबूत करता है। (Click here to read article)
- 11वीं ब्रिक्स श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक, जो 25 अप्रैल 2025 को ब्रासीलिया में ब्राजील की अध्यक्षता में आयोजित की गई, ने कार्यस्थल के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। इस बैठक का थीम था "वैश्विक दक्षिण की सहयोग को मजबूत करना, अधिक समावेशी और सतत शासन के लिए," और इसमें दो प्रमुख क्षेत्रों पर जोर दिया गया (Click here to read article)

## Ranks and Reports

- नीति आयोग ने इंस्टिट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस (IFC) के सहयोग से "भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना" शीर्षक वाली एक रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भारत के MSME क्षेत्र का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है, जिसमें प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए एक सुव्यवस्थित सुधार योजना सुझाई गई है। रिपोर्ट में वित्तपोषण, नवाचार, कौशल विकास और बाज़ार तक पहुँच जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि MSMEs न केवल घरेलू बल्कि वैश्विक बाज़ारों में भी सफलतापूर्वक कार्य कर सकें। (Click here to read article)
- एक ऐसे समय में जब दुनिया महिला नेतृत्व की शक्ति और क्षमता को तेजी से पहचान रही है, फोर्ब्स इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित W-पावर सूची 2025 (W-Power List 2025) जारी की है। यह सूची उन प्रभावशाली और स्वनिर्मित भारतीय महिलाओं को सम्मानित करती है जो व्यवसाय, विज्ञान, खेल, कला, और उद्यमिता जैसे विविध क्षेत्रों से ताल्लुक रखती हैं और अपने-अपने क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रही हैं। (Click here to read article)
- वैश्विक अस्थिरता, क्षेत्रीय संघर्षों और तेज़ी से बदलती तकनीकी प्रगति के कारण, कई देशों ने अपनी रक्षा रणनीतियों की पुनर्रचना और सुदृढ़ीकरण करना शुरू कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप, सैन्य खर्च और सक्रिय-ड्यूटी सैन्यकर्मियों की तैनाती में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2024 में वैश्विक सैन्य व्यय 2.718 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। (Click here to read article)
- CareEdge रेटिंग्स स्टेट रैंकिंग 2025 में महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक ने समग्र प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष तीन राज्यों के रूप में स्थान प्राप्त किया है। ये रैंकिंग सात प्रमुख स्तंभों—आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण—के आधार पर दी गई है, जिनमें कुल 50 संकेतकों का मूल्यांकन किया गया। (Click here to read article)
- ब्लूमबर्ग ने एशिया के शीर्ष 20 सबसे धनी परिवारों की 2025 की बहुप्रतीक्षित सूची जारी की है, जिसमें छह भारतीय परिवार शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के मालिक अंबानी परिवार ने $90.5 बिलियन (₹7.85 लाख करोड़) की कुल संपत्ति के साथ सूची में पहला स्थान हासिल किया है। यह सूची उन पारिवारिक व्यवसाय साम्राज्यों को उजागर करती है जो पीढ़ियों से विकसित होकर एशिया में आर्थिक शक्ति के केंद्र बने हुए हैं, विशेषकर भारत में, जहाँ पारिवारिक कंपनियाँ कॉर्पोरेट जगत का मजबूत आधार हैं। (Click here to read article)

## Sports News

- एशियन गेम्स 2026 जो जापान के आइची और नागोया प्रान्तों में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होंगे, में खेलों के कार्यक्रम में कुछ रोमांचक बदलाव देखने को मिलेंगे। पहली बार, मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (MMA) को शामिल किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॉम्बैट स्पोर्ट्स के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, एशिया में बेहद लोकप्रिय खेल क्रिकेट भी एक बार फिर इन खेलों में खेला जाएगा। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) ने 28 अप्रैल 2025 को हुई अपनी बोर्ड बैठक में दोनों खेलों को आधिकारिक रूप से शामिल करने की पुष्टि की। (Click here to read article)
- 2024–25 प्रीमियर लीग सीज़न में लिवरपूल फुटबॉल क्लब का दबदबा देखने को मिला, जो नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के नेतृत्व में खेल रहा था। आर्ने स्लॉट ने जुर्गन क्लॉप की जगह ली थी, और अपने पहले ही सीज़न में उन्होंने लिवरपूल को चैंपियन बना दिया। लिवरपूल ने 82 अंकों के साथ 34 मैचों में खिताब अपने नाम किया, और दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल से 15 अंकों की बढ़त बनाई। उन्होंने यह खिताबी जीत टोटनहैम हॉट्सपर के खिलाफ 5-1 की शानदार जीत के साथ पक्की की, जिसमें मोहमद सलाह, लुइस डियाज़ और कोडी गाकपो ने गोल किए और एक गोल डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल के रूप में मिला। (Click here to read article)
- जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 28 अप्रैल 2025 को भारतीय क्रिकेट ने एक असाधारण प्रतिभा का उदय देखा। महज अपने तीसरे आईपीएल मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने ऐसी पारी खेली जो इतिहास में दर्ज हो गई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़ दिया, जिसमें 7 चौके और 11 छक्के शामिल थे। उनकी तूफानी बल्लेबाज़ी ने टाइटंस के गेंदबाज़ों को हैरान कर दिया और राजस्थान को मज़बूती से मुकाबले में बनाए रखा। हालांकि 12वें ओवर में वे 37 गेंदों में 101 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर बोल्ड हो गए। (Click here to read article)
- आईपीएल 2025 में पर्पल कैप की जंग काफी रोमांचक रही है, जिसमें गेंदबाज दबाव में आकर मैच जीतने वाली प्रदर्शन दे रहे हैं। इस समय जोश हेजलवुड (RCB) 18 विकेट्स के साथ सबसे आगे हैं, उनका औसत 17 है और उन्होंने 36 ओवर में गेंदबाजी की है। प्रसिध कृष्णा (GT) और नूर अहमद (CSK) उनके बाद हैं, जो अपनी इकॉनमी और स्ट्राइक रेट के साथ प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। अनुभवी गेंदबाजों जैसे ट्रेंट बाउल्ट, हर्षल पटेल और कुलदीप यादव भी लगातार शीर्ष विकेट-टेकर्स में शामिल रहे हैं। इस सीजन में गेंदबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजों को चुनौती दी है, और पर्पल कैप की जंग को रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाया है। (Click here to read article)
- IPL 2025 में ऑरेंज कैप की दौड़ बेहद रोमांचक रही है, जिसमें कुछ शानदार बैटिंग प्रदर्शन देखने को मिले हैं। सूची में सबसे ऊपर विराट कोहली (RCB) हैं, जिन्होंने 10 पारियों में 443 रन बनाकर 63 की शानदार औसत बनाए रखी है। उनके बाद सूर्यकुमार यादव (MI) और साई सुदर्शन (GT) 427 और 417 रन बनाकर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने अपनी निरंतरता और विस्फोटक स्ट्राइक रेट से फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। पीछे से, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श और केएल राहुल जैसे पावर हिटर्स ने प्रतियोगिता को और भी कड़ा कर दिया है। यह सूची अनुभव और उभरते हुए टैलेंट का बेहतरीन मिश्रण है, जिससे 2025 सीज़न अब तक का सबसे रोमांचक ऑरेंज कैप की लड़ाई बन गया है। (Click here to read article)

## Schemes and Committees News

- भारत खुद को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहा है। इसी दिशा में, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने देशभर के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को सशक्त बनाने और उन्हें ग्रीन हाइड्रोजन आपूर्ति श्रृंखला में शामिल करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की एक प्रमुख उपलब्धि थी भारत की ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI) का शुभारंभ, जिसका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन में पारदर्शिता, पता लगाने योग्य स्रोत और बाज़ार में विश्वास सुनिश्चित करना है। (Click here to read article)
- भारत का विमानन क्षेत्र पारंपरिक रूप से बड़े शहरों तक सीमित रहा है, जहां हवाई यात्रा को अक्सर एक विलासिता माना जाता था जो केवल विशेष वर्ग के लोगों के लिए ही सुलभ थी। हालांकि, 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। "उड़े देश का आम नागरिक" (UDAN) का उद्देश्य आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सस्ता और सुलभ बनाना है। यह पहल भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा कम सेवायुक्त क्षेत्रों को प्रमुख शहरों से जोड़ने का कार्य कर रही है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क बढ़ रहा है और आर्थिक विकास को गति मिल रही है। (Click here to read article)

## Science and Technology News

- भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है — आईटीईआर (इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर) परियोजना के मुख्य चुंबक प्रणाली (Magnet System) के निर्माण को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी न्यूक्लियर फ्यूजन परियोजना है, जिसका उद्देश्य सूर्य की ऊर्जा प्रक्रिया को पृथ्वी पर दोहराकर स्वच्छ और कार्बन-मुक्त ऊर्जा उत्पन्न करना है। इस परियोजना में भारत ने क्रायोस्टैट चैम्बर के डिजाइन और निर्माण से लेकर, ठंडा करने और गर्म करने की अत्याधुनिक प्रणालियों को विकसित करने तक में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। (Click here to read article)
- जीनोमइंडिया प्रोजेक्ट (GenomeIndia Project), जो जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा संचालित है, ने भारत में 10,000 से अधिक व्यक्तियों का Whole Genome Sequencing (WGS) सफलतापूर्वक पूरा कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह राष्ट्रीय डेटा अब भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBDC) में संग्रहित है और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत भारतीय शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। (Click here to read article)
- अमेज़न ने अपने महत्वाकांक्षी $10 बिलियन के प्रोजेक्ट क्यूपर की शुरुआत करते हुए 27 सैटेलाइट्स के पहले बैच को लॉन्च कर दिया है। इस परियोजना का उद्देश्य विश्वभर में, खासकर दूरदराज़ और ग्रामीण क्षेत्रों में, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है। यह लॉन्च अमेज़न की ओर से स्पेसएक्स के स्टारलिंक को चुनौती देने की दिशा में पहला कदम है, जिसके अब तक 8,000 से अधिक सैटेलाइट्स कक्षा में हैं और जिसके दुनियाभर में लाखों उपयोगकर्ता हैं। (Click here to read article)

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 24 अप्रैल, 2025 को तमिलनाडु के महेन्द्रगिरी स्थित ISRO प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (IPRC) में अपने सेमीक्रायोजेनिक इंजन का शॉर्ट-ड्यूरेशन हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अपने प्रोपल्शन प्रौद्योगिकी में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जब उसने महेन्द्रगिरी, तमिलनाडु स्थित ISRO प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (IPRC) में अपने सेमीक्रायोजेनिक इंजन का शॉर्ट-ड्यूरेशन हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक किया। यह परीक्षण 24 अप्रैल, 2025 को किया गया और मार्च 2025 में सफल पहले हॉट टेस्ट के बाद यह दूसरा मील का पत्थर है। नवीनतम इग्निशन टेस्ट इंजन प्रणालियों और अनुक्रमों को सत्यापित करता है, जो भविष्य में होने वाले लॉन्च वाहन अभियानों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। (Click here to read article)

## Important Days News

- विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (World Press Freedom Day) 3 मई 2025 को मनाया जा रहा है — यह दिन लोकतांत्रिक समाज में स्वतंत्र, निष्पक्ष और बहुलवादी मीडिया की अहम भूमिका को सम्मान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अवसर है। यह दिवस हर वर्ष 1993 से मनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य है पत्रकारों को सेंसरशिप, हिंसा और उत्पीड़न जैसी चुनौतियों से बचाना और प्रेस की स्वतंत्रता को एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में स्थापित करना। यह दिन सही जानकारी तक जनता की पहुंच और पारदर्शिता, जवाबदेही तथा लोकतंत्र को बनाए रखने में पत्रकारों की भूमिका को रेखांकित करता है। (Click here to read article)
- गुजरात स्थापना दिवस (Gujarat Sthapana Divas) हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1960 में गुजरात राज्य के गठन की स्मृति में मनाया जाता है, जब बॉम्बे राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित किया गया था। महागुजरात आंदोलन के परिणामस्वरूप यह गठन हुआ, जिससे गुजराती भाषी जनता की सांस्कृतिक और प्रशासनिक पहचान को मान्यता मिली। यह दिन परेड, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ पूरे राज्य में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। (Click here to read article)
- महाराष्ट्र दिवस (Maharashtra Diwas), जिसे महाराष्ट्र दिन या महाराष्ट्र स्थापना दिवस भी कहा जाता है, हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1960 में महाराष्ट्र राज्य के गठन की स्मृति में मनाया जाता है। महाराष्ट्र का गठन बॉम्बे राज्य के भाषायी आधार पर विभाजन के बाद हुआ था, जिससे मराठी भाषी जनता की सांस्कृतिक और राजनीतिक आकांक्षाओं को मान्यता मिली। यह दिन देशभक्ति, महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत, गौरव और दशकों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read article)
- विश्व टूना दिवस हर साल 2 मई को संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक खाद्य सुरक्षा, आर्थिक विकास और समुद्री जैव विविधता में टूना मछली के महत्व को उजागर करना है। यह दिन टूना प्रजातियों के अत्यधिक दोहन पर चिंता व्यक्त करता है और सतत मत्स्य पालन (sustainable fishing) की वकालत करता है। (Click here to read article)
- लापु-लापु दिवस, जो प्रतिवर्ष 27 अप्रैल को मनाया जाता है, पूर्व-औपनिवेशिक फ़िलिपीनी नेता दातु लैपू-लैपू के साहस और वीरता की याद में मनाया जाता है। उन्होंने 1521 में मैकटान की ऐतिहासिक लड़ाई में स्पेनिश खोजकर्ता फर्डिनेंड मैगलन को पराजित कर मार डाला था। यह दिवस फ़िलिपीनो प्रतिरोध की भावना और स्वतंत्रता की लड़ाई का प्रतीक बन गया है। 2023 में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत ने औपचारिक रूप से लैपू-लैपू दिवस को मान्यता दी, जिससे यह दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रसिद्ध हो गया। यह न केवल फ़िलिपीनो इतिहास और गर्व को सम्मानित करता है, बल्कि कनाडा में रह रहे फ़िलिपीनो समुदाय के योगदान और विरासत का भी उत्सव है। (Click here to read article)
- हर साल 1 मई को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस भी कहा जाता है, मनाया जाता है। यह दिन सभी क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने और उनके अधिकारों को मान्यता देने का अवसर होता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि श्रमिक अधिकारों, निष्पक्ष श्रम नीतियों और सुरक्षित तथा समान कार्यस्थलों की आवश्यकता को रेखांकित करने का दिन भी है। वर्ष 2025 में यह दिवस विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब वैश्विक स्तर पर श्रमिक सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास तेज़ हो रहे हैं — विशेष रूप से स्वचालन (ऑटोमेशन) और अनौपचारिक रोज़गार जैसी आधुनिक कार्यस्थल चुनौतियों के बीच। (Click here to read article)
- हर साल 30 अप्रैल को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय जैज़ दिवस (International Jazz Day) के रूप में मनाती है। यह यूनेस्को द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जो जैज़ संगीत को सिर्फ एक कला रूप नहीं, बल्कि शांति, विविधता, संवाद और आपसी समझ की एक वैश्विक भाषा के रूप में मान्यता देती है। जैज़ के महान संगीतकार हरबी हैनकॉक की सहायता से शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर के संगीतकारों और समुदायों को कार्यशालाओं, संगीत कार्यक्रमों और चर्चाओं के माध्यम से एकजुट करना है। (Click here to read article)
- भारत दिग्गज फिल्मकार धुंडीराज गोविंद फाल्के की 30 अप्रैल 2025 को 155वीं जयंती मना रहा है, जिन्हें श्रद्धापूर्वक भारतीय सिनेमा के जनक कहा जाता है। एक ऐसे दौर में जब देश में फिल्म निर्माण की कल्पना भी नहीं की जाती थी, दादासाहेब फाल्के ने अपने अद्भुत दृष्टिकोण, दृढ़ निश्चय और साहस के बल पर भारत की पहली पूर्ण लंबाई की फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र (1913) का निर्माण किया। उनकी इस ऐतिहासिक पहल ने भारतीय फिल्म उद्योग की नींव रखी, जो आज विश्व के सबसे बड़े फिल्म उद्योगों में से एक बन चुका है। (Click here to read article)



- विश्व बौद्धिक संपदा दिवस प्रत्येक वर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा (IP) अधिकारों के महत्व को रेखांकित करना है। वर्ष 2025 में इसका थीम "बौद्धिक संपदा और संगीत: आईपी की धुन को महसूस करें" रखा गया है, जो दुनिया भर में कलाकारों और संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करता है। इस अवसर पर यह ध्यान आकर्षित किया जाता है कि किस प्रकार बौद्धिक संपदा संरक्षण रचनाकारों, संगीतकारों और नवप्रवर्तकों को उनके कार्यों की सुरक्षा प्रदान करता है और उनके योगदान के लिए उन्हें मान्यता तथा पुरस्कार सुनिश्चित करता है। (Click here to read article)
- चेरनोबिल परमाणु आपदा, जो 26 अप्रैल 1986 को हुई थी, परमाणु ऊर्जा के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक मानी जाती है। इस दुर्घटना के मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अंतरराष्ट्रीय परमाणु नीतियों पर पड़े प्रभाव आज भी गूंजते हैं। सोवियत संघ में स्थित चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हुए विस्फोट के कारण वातावरण में बड़ी मात्रा में विकिरणयुक्त पदार्थ फैल गया, जिससे दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय क्षति और मानव पीड़ा उत्पन्न हुई। (Click here to read article)
- विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों में कार्यस्थलों पर सुरक्षा को बढ़ावा देना और स्वस्थ कार्य परिवेश सुनिश्चित करना है। यह दिन वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य और भलाई की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा 2003 में शुरू किए गए इस दिवस के माध्यम से कार्यस्थल सुरक्षा मानकों की आवश्यकता पर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है। (Click here to read article)

## Obituaries News

- प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता विष्णु प्रसाद, जो अपनी नकारात्मक भूमिकाओं में दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे, का 2 मई 2025 को एर्नाकुलम, केरल में निधन हो गया। वे लिवर की बीमारी का इलाज करवा रहे थे और इस दौरान उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उनके निधन ने न केवल उनके सिनेमा में योगदान की ओर ध्यान आकर्षित किया है, बल्कि फिल्म उद्योग में कलाकारों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय सहायता की कमी को भी उजागर किया है। (Click here to read article)
- मलयालम फिल्म उद्योग ने एक महान हस्ती को खो दिया है—शाजी एन. करुण के निधन से सिनेमा जगत शोक में डूब गया है। अपने क्रांतिकारी सिनेमा और अनोखी फिल्म निर्माण शैली के लिए प्रसिद्ध करुण ने न केवल मलयालम सिनेमा को एक नई दिशा दी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त की। हाल ही में उन्हें मलयालम सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान जे. सी. डैनियल पुरस्कार से नवाज़ा गया था, और उनके निधन से यह सम्मान और भी भावुक प्रतीक बन गया है। उनका निधन उद्योग के एक युग का अंत माना जा रहा है। (Click here to read article)

## Miscellaneous News

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, वैश्विक सार्वजनिक ऋण में फिर से वृद्धि देखी जा रही है, और 2025 के लिए अनुमान है कि कई देशों में कर्ज़ का स्तर COVID-19 महामारी के चरम बिंदु से भी अधिक हो गया है। IMF की फिस्कल मॉनिटर रिपोर्ट (अप्रैल 2025) के अनुसार, वैश्विक सार्वजनिक ऋण-से-जीडीपी अनुपात एक बार फिर खतरनाक स्तरों के करीब पहुंच सकता है, जिससे विकासशील और विकसित दोनों देशों के लिए आर्थिक और राजकोषीय स्थिरता पर चिंता बढ़ गई है। (Click here to read article)
- डाक विभाग जल्द ही प्रसिद्ध तबला वादक पंडित चतुर लाल की जन्मशती के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट जारी करेगा। यह विशेष श्रद्धांजलि भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके अद्वितीय योगदान को सम्मानित करती है, विशेष रूप से तबले को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने और प्रतिष्ठित संगीतकारों के साथ उनके उल्लेखनीय सहयोग के लिए। (Click here to read article)

## Static Takeaways

| क्रमांक | स्थैतिक नाम | स्थैतिक विवरण |
|---|---|---|
| | संगठन | |
| 1 | आरबीआई | गवर्नर - संजय मल्होत्रा |
| 2 | एसबीआई | चेयरमैन - चल्ला श्रीनिवासलु सेट्टी |
| 3 | इसरो | चेयरमैन - वी. नारायण |
| 4 | नासा | कार्यवाहक प्रमुख - जेनेट पेट्रो |
| 5 | एनवीडिया | सीईओ - जैनसेन हुआंग |
| 6 | इंडियन ओवरसीज बैंक | एमडी - अजय कुमार श्रीवास्तव<br>मुख्यालय - चेन्नई |
| | देश | |
| 7 | रूस | राष्ट्रपति - व्लादिमीर पुतिन<br>राजधानी - मास्को |
| 8 | ब्राजील | राष्ट्रपति - लूला दा सिल्वा<br>राजधानी - ब्रासीलिया |
| 9 | जापान | पीएम - शिगेरु इशिबा<br>राजधानी - टोक्यो |

| क्रमांक | स्थैतिक नाम | स्थैतिक विवरण |
|---|---|---|
| 10 | भूटान | पीएम - दाशो शेरिंग टोबगे<br>राजधानी - थिम्पू |
| 11 | वियतनाम | राष्ट्रपति - लुओंग कुओंग<br>राजधानी - हनोई |
| 12 | त्रिनिदाद और टोबैगो | प्रधानमंत्री - कमला प्रसाद<br>राजधानी - पोर्ट ऑफ स्पेन |
| भारतीय राज्य | | |
| 13 | मिजोरम | राज्यपाल- वी के सिंह<br>सीएम - लालदुहोमा<br>राजधानी - आइजोल |
| 14 | मध्य प्रदेश | राज्यपाल - मंगुभाई पटेल<br>सीएम - मोहन यादव<br>राजधानी - भोपाल |
| 15 | कर्नाटक | राज्यपाल -<br>सीएम - सिद्धारमैया<br>राजधानी - बेंगलुरु |
| 16 | गुजरात | राज्यपाल - आचार्य देवव्रत<br>सीएम-भूपेंद्र पटेल<br>राजधानी - गांधीनगर |
| 17 | महाराष्ट्र | राज्यपाल - सी. पी. राधाकृष्णन<br>मुख्यमंत्री - देवेंद्र फडणवीस<br>राजधानी - मुंबई |